**केंद्रीय विद्यालय संगठन (लखनऊ संभाग)**

**पूरक परीक्षा (2023- 2024)**

**कक्षा- 9 वीं**

**विषय - हिंदी , कोर्स - अ (कोड 002)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक : 80**

---

**सामान्य निर्देशः**

**1. इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड है-खण्ड 'अ' और 'ब'। खण्ड-अ में वस्तुपरक/ बहुविकल्पीय और खण्ड-ब में विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।**

**2. प्रश्नपत्र के दोनों खण्डों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**3. यथासम्भव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**

**4. खण्ड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**5. खण्ड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

---

**खंड – 'अ' (वस्तुपरक/ बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**<u>अपठित गद्यांश</u>**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय/ वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1x5=5**

असफलता समझदार को भी तोड़ देती है। असफल इंसान इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास, सही दिशा आदि सब खो बैठता है। लेकिन जो इन्हें कसकर पकड़े रहता है, वह हार को जीत में बदलने की सामर्थ्य रखता है। एक ग्रीक लेखक के अनुसार, जो हम अंदर से हासिल करते हैं, वह बाहर की असलियत को बदल देता है। अंधेरे-उजाले की तरह हार-



https://www.evidyarthi.in/

जीत का दौर भी चलता रहता है। पर न अंधेरा चिरकालीन होता है और न उजाला। घड़ी का बराबर आगे बढ़ना हममें यह आशा भर देता है कि समय कितना भी उल्टा क्यों न हो, रुका नहीं रह सकता। किसी विद्वान का कथन है कि आदमी की सफलता उसके ऊँचाई तक चढ़ने में नहीं, अपितु इसमें है कि नीचे तक गिरने के बाद वह फिर से कितना उछल पाता है। असफलता से हमें वह प्रेरणा मिलती है जिससे हम लक्ष्य तक पहुँचने के नए रास्ते खोजते हैं। हममें कुछ करने की कामना जागती है। असफलता को नकारात्मक मानना भूल है, क्योंकि उसी में सफलता का मूल छिपा है। उसी से बाधाओं से जूझने की शक्ति मिलती है। दुर्भाग्य और हार छद्म वेश में वरदान ही होते हैं। असफलता प्रकृति की वह योजना है जिससे आदमी के दिल का कूड़ा-करकट जल जाता है और वह शुद्ध हो जाता है, तब वह उसे उड़ने के लिए नए पंख देती है।

**(i)** किसी विद्वान के अनुसार आदमी की सफलता किस में निहित है?

(क) कि वह नीचे गिरने के बाद कब उठता है? (ख) कि नीचे गिरने के बाद वह फिर से कितना उछल पाता है?

(ग) कि वह कितना नीचे गिर सकता है? (घ) इनमें से कोई नहीं।

**(ii)** असफलता को नकारात्मक मानना भूल है, क्योंकि-

(क) वह समझदार को भी तोड़ देती है। (ख) वह जीत को हार में बदल देती है।

(ग) उसी में सफलता का मूल छिपा होता है। (घ) उपर्युक्त सभी कथन सही है।

**(iii)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए-

**कथन (A):** व्यक्ति अपनी हार को जीत में बदलने की सामर्थ्य रखता है।

**कारण (R):** व्यक्ति अपनी इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और दृढ़शक्ति के साथ सही दिशा को चुनता है।



https://www.evidyarthi.in/

(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv)** 'असफलता के सकारात्मक पक्ष होते हैं।'- उपर्युक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तकों पर विचार कीजिए-

1. इससे व्यक्ति को बाधाओं से जूझने की शक्ति मिलती है।
2. इससे आदमी के दिल का कूड़ा-करकट जल जाता है।
3. असफलता व्यक्ति को उड़ने के लिए नए पंख देती है।

(क) 1 सही है। (ख) 2 सही है। (ग) 3 सही है। (घ) 1, 2 और 3 तीनों सही हैं।

**(v)** असफ़लता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

(क) समय सदा एक-सा नहीं रहता।

(ख) हम लक्ष्य तक पहुँचने के नए रास्ते खोजते हैं।

(ग) हमारे मन में कुछ करने की कामना जागती है।

(घ) विकल्प (ख) और (ग) दोनों कथन सही है।

**प्रश्न 2.निम्नलिखित अपठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय/ वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-**

**1x5=5**

**(पद्यांश-1)**

जिस राम के गुण आप गाते हैं ,जिस अर्जुन पर आप मुग्ध हैं

बताओ तो दोस्तों ।

उनके जो - जो चित्र ,आपकी आस्था और विश्वास के हैं



https://www.evidyarthi.in/

वे राज महलों के हैं
या वनवास के हैं ?
मित्रों! जब स्वयं रामचंद्र
राज महलों की रेशमी जूतियां उतारकर
नंगे पांव वन में पधारे थे
तभी से वे महिमावान हो गए ।
राजकुमार तो थे ही
अब वे भगवान हो गए ।
जटाधारी राम हों या वन – वन भटकते पांडव
सब के गौरवशाली चरित्र वन के हैं
ताड़का का वध हो
या जटायु का संस्कार
केवट का मिलन हो या शबरी से प्यार
भरत से मिलन का हेतु हो या लंका का सेतु हो
सब वन के ही श्रृंगार हैं
राम के चौदह वर्ष हों या पांडवों के तेरह वर्ष
दोनों ने महिमा की पूंजी वन से ही उगाही थी
सोने की लंका वनवासी राम ने ही ढहाई थी
जुए की खाई में गिरे पांडवों ने
दुर्योधन की जंघा तोड़ने की शक्ति
वनवास से ही पाई थी।

**(i)** काव्यांश में 'रेशमी जूतियाँ' और 'नंगे पाँव' किन स्थितियों के परिचायक हैं?

(क) राजा और रंक के (ख) अमीरी और आशा के



https://www.evidyarthi.in/

(ग) सुख और खुशी के (घ) संतोष और सुविधा के

**(ii)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए –

**कथन (A)** – बडी कठिनाइयों का सामना करके ही मनुष्य महान बनता है।

**कारण (R) –** वन प्रवास के दौरान ही रामचंद्र ने अनेक महान कर्म किए। पांडवों ने भी कौरवों से जीतने की ताकत वन प्रवास के दौरान ही प्राप्त की ।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iii)** पांडवों ने वनवास से कौन सी शक्ति पाई थी?

(कथन पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए)

**कथन –**

(i) चक्रव्यूह तोड़ने की (ii) जुए में विजय प्राप्त करने की

(iii) दुर्योधन की जंघा तोड़ने की (iv) अपने चरित्र को गौरवशाली बनाने की

**विकल्प**

(क) कथन ii सही है। (ख) कथन iiiसही है।

(ग) कथन iii व ivसही हैं। (घ) कथन i, ii, iii व iv सही हैं।

**(iv)** किस घटना ने रामचंद्र को भगवान बना दिया?

(क) लंका पर सेतु निर्माण (ख) सोने की लंका ढहाना

(ग) राजपाट त्यागकर वन गमन (घ) वन में भटकने के कारण

**(v)** रामचंद्र के द्वारा वनवास के समय में कौन सा कार्य नहीं किया गया था?

(क) शबरी की प्रतीक्षा का अंत (ख) ताड़का वध



https://www.evidyarthi.in/

(ग) केवट मिलन (घ) मुनि वशिष्ठ के आश्रम में अध्ययन

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार उपसर्ग-प्रत्यय सम्बन्धी प्रश्नों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - (1x4 =4)**

**(i) 'अपमान'** शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूलशब्द है-

(क) अप + मान (ख) अपमा + न (ग) अप + मन (घ) अपमान

**(ii)** 'अध्यक्ष' में उपसर्ग है-

(क) अ (ख) अति (ग) अधि (घ) अध्

**(iii) 'आनी'** प्रत्यय से बना शब्द नहीं है-

(क) जेठानी (ख) बेइमानी (ग) देवरानी (घ) मेहतरानी

**(iv) 'एरा'** प्रत्यय से निर्मित उचित शब्द कौन-सा है-

(क) लुटेरा (ख) नमनीय (ग) ईमानदारी (घ) सियारी

**(v) 'मिठास'** शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व मूलशब्द है-

(क) मीठा + स (ख) मिठा+ आस (ग) मीठा+ आस (घ) मिठाई+स

**प्रश्न 4.निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए- (1x4 =4)**

**(i) 'तिराहा'** शब्द का विग्रह कर समास का नाम बताइए-

(क) तीन के लिए राह-तत्पुरुष समास ख) तीन और राह-द्वंद्र समास



https://www.evidyarthi.in/

(ग) तीन राहों का समाहार-द्विगु समास (घ) तीन राहें हैं जिसकी बहुब्रीहि समास

**(ii) 'माता-पिता'** का विग्रह कर समास का भेद बताइए-

(क) माता और पिता-द्वंद्व समास (ख) माता है जो पिता- कर्मधारय समास

(ग) माता के पिता-तत्पुरुष समास (घ) माता पिता का समाहार-द्विगु समास

**(iii)** अव्ययी भाव समास का उदाहरण है-

(क) प्रतिदिन (ख) राजपुत्र (ग) दहीबड़ा (घ) माता-पिता

**(iv)** समास पहचानिए **- नीलकंठ**

(क) द्विगु समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) कर्मधारय समास (घ) अव्ययी भाव

**(v) 'रसोईघर'** में प्रयुक्त समास का नाम लिखिए-

(क) तत्पुरुष समास (ख) द्विगु समास (ग) कर्मधारय समास (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखिए - (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद) (1x4 =4)**

**(i) 'वह लखनऊ से लौट आया है |'** का प्रश्नवाचक वाक्य होगा -

(क) क्या वह लखनऊ से लौट आया है? (ख) वह लखनऊ से लौट आएगा

(ग) वह अभी लखनऊ से नहीं लौटा है (घ) इनमें से कोई नहीं

**(ii) 'लता तुम गाना सुनाओ।'** अर्थ के आधार पर वाक्य है-



https://www.evidyarthi.in/

(क) विधानवाचक वाक्य (ख) इच्छावाचक वाक्य (ग) आज्ञावाचक वाक्य

(घ) संकेतवाचक वाक्य

**(iii) 'मनोरमा और कविता बैठकर पढ़ती है।'** संदेहवाचक वाक्य में बदलिए-

(क) मनोरमा शायद कविता बैठकर पढ़ती है। (ख) मनोरमा कविता बैठकर शायद पढ़ती है ।

(ग) मनोरमा कविता शायद बैठकर पढ़ती है। (घ) शायद मनोरमा और कविता बैठकर पढ़ती है।

**(iv) कॉलम 1 को कॉलम 2** से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -

| | **कॉलम 1** | **कॉलम 2** |
|---|---|---|
| 1 | क्या वह कल कानपुर गया था ? | (I) विस्मयादिबोधक वाक्य |
| 2 | आह ! कितना सुन्दर दृश्य है \| | (II) प्रश्नवाचक वाक्य |
| 3 | ईश्वर करे आपका सब कार्य हो जाए \| | (III) इच्छावाचक वाक्य |

(क) 1- (III), 2- (I), 3- (II) (ख) 1- (II), 2- (I), 3- (III)

(ग)1- (I), 2- (II), 3- (III) (घ) 1- (III), 2- (II), 3- (I)

**(v) 'माला आज नहीं नाचेगी।'** वाक्य को विधानवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए-

(क) क्या माला आज नाचेगी? (ख) माला आज नाचेगी।

(ग) माला आज नाचो। (घ) माला आज शायद नाचेगी।

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए- 1×4=4**

**(i)** जहाँ वर्णों की आवृति होती है वहाँ कौन- सा अलंकार होता है?



https://www.evidyarthi.in/

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) रुपक अलंकार (ग) उत्प्रेक्षा अलंकार
(घ) श्लेष अलंकार

**(ii) 'कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय'** में अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) उपमा अलंकार
(घ) श्लेष अलंकार

**(iii) 'काली घटा का घमंड घटा'** में अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) रुपक अलंकार (ग) उत्प्रेक्षा अलंकार
(घ) यमक अलंकार

**(iv) 'पीपर पात सरिस मन डोला'** में अलंकार है-

(क) उपमा अलंकार (ख) रूपक अलंकार (घ) अतिश्योक्ति अलंकार
(ग) मानवीकरण अलंकार

**(v) 'तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए'** में अलंकार है-

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार (ग) मानवीय करण अलंकार
(घ) कोई भी नहीं

**प्रश्न .7 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (1X5=5)**

अपना यों बेचा जाना उन्हें अच्छा लगा या बुरा, कौन जाने, पर झूरी के साले गया को घर तक गोई ले जाने में दाँतों पसीना आ गया। पीछे से हाँकता तो दोनों दाएँ-बाएँ भागते, पगहिया पकड़कर आगे से खींचता, तो दोनों पीछे को जोर लगाते। मारता तो दोनों सींग नीचे करके हुँकारते। अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते-तुम हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हो? हमने तो तुम्हारी सेवा करने में कोई कसर नहीं उठा रखी। अगर इतनी मेहनत से काम न चलता था तो और काम ले लेते। हमें तो तुम्हारी चाकरी में मर



https://www.evidyarthi.in/

जाना कबूल था। हमने कभी दाने-चारे को शिकायत नहीं की। तुमने जो कुछ खिलाया, वह सिर झुकाकर खा लिया, फिर तुमने हमें इस जालिम के हाथ क्यों बेच दिया?

**(i) 'दाँतों पसीना आना'** का आशय है-

(क) दाँत खट्टे होना (ख) दाँत खराब होना (ग) बहुत परिश्रम करना (घ) बहुत परेशानी होना।

**(ii)** झूरी के साले को बैलों ने क्यों तंग किया?

(क) बैल उसके साथ जाना नहीं चाहते थे। (ख) उसने बैलों को पीटा था।

(ग) बैल उसे पराया मान रहे थे। (घ) उसने बैलों को अपमानित किया था।

**(iii)** बैलों को झूरी से क्या शिकायत थी?

(क) घास न देने की (ख) बेच देने की

(ग) साले के दुर्व्यवहार की (घ) अपने से दूर करने की

**(iv)** बैल झूरी के साथ कैसा व्यवहार करते थे?

(क) स्वामिभक्ति का (ख) अधिकार भाव का (ग) अक्खड़ता का

(घ) कामचोरी का

**(v) 'पगहिया'** का क्या तात्पर्य है?

(क) अगले पैर (ख) पिछले पैर (ग) पैर में बँधी रस्सी

(घ) गले में बँधी रस्सी

**प्रश्न 8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (1X2=2)**

**(i)** तिङ्गरी का विशाल मैदान किस से घिरा हुआ था?

(क) वनों से (ख) पहाड़ियों से (ग) नदी से (घ) ऊबड़-खाबड़ रास्तों से



https://www.evidyarthi.in/

**(ii)** सालिम अली की मृत्यु के पश्चात् भी लेखक को क्या महसूस होता है?

(क) वे अब कभी लौटकर नहीं आएँगे

(ख) वे वन्य पशुओं की खोज में निकले हैं और शीघ्र ही अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे

(ग) वे पक्षियों की खोज में निकले हैं और शीघ्र ही अपने खोजपूर्ण नतीजों के साथ लौट आएँगे

(घ) वे पक्षी के रूप में पुनः जन्म लेंगे।

**प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (1X5=5)**

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढ़ि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी ॥
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा ना धरौंगी ॥
काननि दै अँगुरी रहिबो जबहीं मुरली धुनि मंद बजैहै।
मोहनी तानन सों रसखानि अटा चढ़ि गोधन गैहै तो गैहै ॥
टेरि कहौं सिगरे ब्रजलोगनि काल्हि कोऊ कितनो समुझैहै।
माइरी वा मुख की मुसकानि सम्हारी न जैहै, न जैहै, न जैहै ॥

**(i)** उपर्युक्त पद्यांश के कवि व पाठ का नाम है-

(क) पद-कबीर (ख) पद-मीरा (ग) सवैया-रसखान

(घ) सोरठा-रहीम

**(ii) लकुटी** का अर्थ है-

(क) लाठी (ख) कंबल (ग) पत्थर (घ) पर्वत



https://www.evidyarthi.in/

**(iii) 'अधरान धरी अधरा ना धरौंगी'** पंक्ति किसके संबंध में कौन कह रहा है?

(क) ग्वाल कान्हा की गायों के बारे में (ख) गोपियां कान्हा की मुरली के संबंध में

(ग) गोवर्धन पर्वत के संबंध में (घ) कोई नहीं

**(iv) 'स्वांग'** का अर्थ होगा-

(क) पढ़ना (ख) नाटक करना (ग) लिखना (घ) गाय चराना

**(v)** उपर्युक्त पद्यांश की भाषा है-

(क) असमी (ख) अरबी (ग) फारसी (घ) ब्रज

**प्रश्न 10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - (1X2=2)**

**(i)** कबीर के अनुसार ईश्वर कहाँ है?

(क) मन्दिर में (ख) मस्ज़िद में (ग) सर्वव्यापक (घ) कहीं भी नहीं

**(ii)** कवयित्री के अनुसार ' **कच्चे धागे**' किसका प्रतीक हैं?

(क) कमज़ोर धागों का (ख) मनुष्य के कर्मों का (ग) कच्ची डोर का (घ) कमज़ोर और नाशवान सहारे का

## खंड –ब (विषयनिष्ठ/ वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)**

(i) आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है?

(ii) लेखक ने प्रेमचंद के जूते फटने का क्या कारण सोचा? पाठ के आधार पर लिखिए।



https://www.evidyarthi.in/

(iii) 'मेरे बचपन के दिन' पाठ में बापू ने लेखिका की कौन-सी वस्तु माँग ली और क्यों?

(iv) “साँवले सपनों की याद" पाठ के नायक-सालिम अली प्रकृति की दुनिया में टापू बनने के बजाय अथाह सागर बनकर कैसे उभरे थे?

**प्रश्न 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)**

(i) कवि का कोयल से ईर्ष्या का क्या कारण है?

(ii) गाँव को ‘मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है?

(iii) मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए? कविता के आधार पर उत्तर दीजिए।

(iv) आपके विचार से बच्चों को काम पर क्यों नहीं भेजा जाना चाहिए? उन्हें क्या करने के मौके मिलने चाहिए ?

**प्रश्न 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों के आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए -**
**(4x2=8)**

(i) 'इस जल प्रलय में' पाठ में बाढ़ में आए पानी की तीव्रता का वर्णन कीजिए तथा बताइए ऐसे प्रसंगों से आपको क्या-क्या करने की प्रेरणा मिलती है?

(ii) लेखिका की दादी के घर के माहौल का शब्द-चित्र ‘मेरे संग की औरतें’ पाठ के आधार पर लिखिए ।

(iii) रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना, यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है? ‘रीढ़ की हड्डी’ पाठ के आधार पर

**प्रश्न 14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए - (6)**



https://www.evidyarthi.in/

**(क) जीवन में व्यायाम का महत्त्व**

**संकेत बिन्दु -** (i) शरीर और मन की स्वस्थता, (ii) व्यायाम,आसन, प्राणायाम, (iii) स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार।

**(ख) देश में बढ़ता भष्ट्राचार**

**संकेत-बिन्दु -** (i) भ्रष्टाचार व्यवस्था का अर्थ, (ii) भ्रष्टाचार का कारण और स्वरूप, (iii) समाधान।

**(ग) परोपकार**

**संकेत-बिन्दु -** (i) परोपकार का अर्थ, (ii) परोपकार से लाभ, (iii) परोपकारी व्यक्तियों के उदाहरण।

**प्रश्न 15. आपके शहर में सड़क पर जगह - जगह गड्ढे हैं, जिनसे आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस संदर्भ में जिला अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए समस्या से मुक्ति दिलाने का अनुरोध कीजिए। (शब्द सीमा -100 शब्द) (5)**

**अथवा**

**छोटे भाई को पत्र लिखकर अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योगाभ्यास करने का सुझाव दीजिए।**

**प्रश्न 16. 'परिश्रम का महत्व' शीर्षक पर लगभग 80-100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। (5)**

**अथवा**

**अपने विद्यालय के प्राचार्य (principalabc@yahoo.com) को ई-मेल पत्र लिखकर छात्रवृत्ति पाने के लिए आवेदन कीजिए।**

**प्रश्न 17. आज आपकी अंतिम परीक्षा है। पढ़ाई से चिंता मुक्त होकर आप अपने मित्र के साथ मस्ती से छुट्टियाँ बिताना चाहते हैं। इस स्थिति पर (60 शब्दों में) संवाद लिखिए। (4)**



https://www.evidyarthi.in/

**अथवा**

**विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिंदी विभाग के संयोजक की ओर से 80 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।**



https://www.evidyarthi.in/